राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) 0141–2722520

क्रमांक :–F.6 (907)RSSB /IT / Jr.Instt.(16 Trade)/2024 दिनांक :–

विज्ञप्ति

बोर्ड द्वारा कनिष्ट अनुदेशक के विभिन्न पदों हेतु सीधी भर्ती–2024 विज्ञापन सं. 08/2024 तथा कनिष्ठ अनुदेशक के विभिन्न व्यवसाय के पदों हेतु सीधी भर्ती 2024 विज्ञापन संख्या 09/2024 जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। कुछ अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के पश्चात् माननीय न्यायालय के आदेश से ऑफलाइन आवेदन बोर्ड कार्यालय में जमा करवाये गये है। माननीय न्यायालय के आदेश की अनुपालना में ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित करते हुये उनके ऑफलाइन प्रोविजनल प्रवेश पत्र जारी किये जा रहे है। माननीय न्यायालय के आदेश से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी **अभ्यर्थी, परीक्षा आयोजन की दिनांक से 5 दिवस पूर्व तक राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर 302018 परिसर में कार्यालय समय पर स्वयं उपस्थित होकर न्यायालय आदेश (जिसमें अभ्यर्थी का नाम अंकित हो), दो नवीनतम फोटो (जो एक माह से ज्यादा पुरानी न हो), कोई दो मूल पहचान पत्र (स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ) प्रस्तुत कर अपना ऑफलाइन प्रोविजनल प्रवेश पत्र प्राप्त कर लेंवे। अभ्यर्थी द्वारा अपना प्रोविजनल प्रवेश पत्र प्राप्त न करने की स्थिति में वह परीक्षा से वंचित होकर चयन प्रक्रिया से बाहर हो जायेगा, जिसके लिये अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होगा।** परीक्षा और प्रोविजनल प्रवेश पत्र के सम्बन्ध में नवीनतम जानकारी के लिये बोर्ड की वेबसाइट का अवलोकन करते रहे।

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

RajKaj Ref
11628326

Validity unknownSignature valid

Digitally signed by B[illegible]g Chand Badhal
Designation : [illegible]ary
Date: 2024.11.0[illegible]5:58:37 IST
Reason: Approved